# FULL STOP - 31

**अव्यक्त बापदादा :-**

➽ _ ➽ आवाज़ में आने के लिए वा आवाज़ को सुनने के लिए कितने साधन अपनाते हो? बापदादा को भी आवाज़ में आने के लिए शरीर के साधन को अपनाना पड़ता है। लेकिन आवाज़ से परे जाने के लिए इस साधनों की दुनिया से पार जाना पड़े। साधन इस साकार दुनिया में है। **बापदादा के सूक्ष्म वतन वा मूल वतन में कोई साधनों की आवश्यकता नहीं है।**

➽ _ ➽ सेवा के अर्थ आवाज़ में आने लिए कितने साधनों को अपनाते हो? लेकिन आवाज़ से परे स्थिति में स्थित होने के अभ्यासी सेकण्ड में इन सबसे पार हो जाते हैं। ऐसे अभ्यासी बने हो? **अभी अभी आवाज़ में आये, अभी-अभी आवाज़ से परे। ऐसी कन्ट्रोलिंग पावर, रूलिंग पावर अपने में अनुभव करते हो?**

➽ _ ➽ संकल्प शक्ति को भी, जब चाहो तब संकल्प मे आओ, विस्तार में आओ, जब चाहो तब विस्तार को फुलस्टाप में समा दो। **स्टार्ट करने की और स्टाप करने की - दोनों ही शक्तियाँ समान रूप में हैं?**

(14.01.1982)

---

➢➢ कौन सी 10 बातें, जो हम करते हैं, जिससे आवाज़ होता है ?

➽ _ ➽ Whispering ( धीरे धीरे बोलना )

➽ _ ➽ Talking ( ज्यादा बोलना )

➽ _ ➽ Shouting ( चिल्लाना )

➽ _ ➽ Crying ( रोना )

➽ _ ➽ Moaning & Groaning ( कराहना )

➽ _ ➽ Laughing ( हँसना )

→ योगी मुस्कुराते हैं, हँसते नहीं

- पर अटेंशन रखने की जरूरत है की Smile कहीं Laughter न बन जाए

➽ _ ➽ Great Laughter ( अट्टास - आसुरी हंसी जैसे रावण की हंसी )

➽ _ ➽ Singing

➽ _ ➽ Chanting

→ बार बार एक ही बात repeat करना

- “मेरा बाबा... मेरा बाबा”
- मैं आत्मा मास्टर सर्वशक्तिवान हूँ

➽ _ ➽ Abnormal Body Sounds

→ छींकना, खांसी करना, उबासी, खराटे, चुस्कियां लेना

➽ _ ➽ स्थूल sound

→ बाहरी चीज़ों के साथ घर्षण से जो उत्पन्न होता है

→ चीज़ें फैंकनी नहीं, रखनी है